आदिवासी आजीविका की स्थिति (SAL) रिपोर्ट, 2022

[स्रोत: डाउन टू अर्थ]

हाल ही में गैर-लाभकारी संगठन **प्रदान (PRADAN)** द्वारा जारी **आदिवासी आजीविका की स्थिति** (**Status of Adivasi Livelihoods- SAL) रिपोर्ट, 2022** में बताया गया है कि [सार्वजनिक वितरण प्रणाली (Public Distribution System- PDS)] द्वारा प्रदत्त **खाद्य सहायिकी (Subsidy)** से आदिवासी परिवारों की निम्न आय के परिणामस्वरूप होने वाले तनाव की समस्या का समाधान हुआ है।

- इस रिपोर्ट का उद्देश्य भारत के मध्य भू-भाग की [अनुसूचित जनजातियों] की आजीविका की स्थिति को समझना है।

रिपोर्ट से संबंधित प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- **SAL रिपोर्ट, 2022** घरेलू सर्वेक्षण पर आधारित है जिसमें 6,019 परिवारों के प्रतिदर्श शामिल हैं।
  - रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में आदिवासी परिवारों की औसत वार्षिक आय **कृषि वर्ष 2018-19** के दौरान प्रति कृषक परिवार की राष्ट्रीय औसत वार्षिक आय से बहुत कम थी।
- छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी परिवार द्वारा एक वर्ष में उपभोग किये जाने वाले भोजन तथा अन्य वस्तुओं की बाज़ार कीमत लगभग **₹18,000** है।
  - इस राशि का लगभग **13%** हिस्सा ही उक्त वस्तुओं की खरीद के लिये परिवारों द्वारा व्यय किया जाता है। शेष **87%** राशि सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायिकी से प्राप्त होती है।
- मध्य प्रदेश में एक आदिवासी परिवार PDS से खरीदे जाने वाले 10,000 रुपए सालाना मूल्य वाले उत्पादों के लिये बाज़ार मूल्य का केवल 22% भुगतान करता है।
- मध्य प्रदेश में, 32% आदिवासी परिवार, 27% गैर-आदिवासी परिवार और 61% [विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTG)] **परिवारों** के गंभीर रूप से खाद्य असुरक्षित होने की सूचना दर्ज की गई है।
- छत्तीसगढ़ में, 27% आदिवासी परिवार, 42% गैर-आदिवासी परिवार और 29% PVTG परिवारों के गंभीर रूप से खाद्य असुरक्षित होने की सूचना दर्ज की गई है।
- मध्य प्रदेश के पश्चिम के क्षेत्र, जहाँ [भील समुदाय] के लोगों की संख्या सर्वाधिक है, (जो पड़ोसी राज्य राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में निवास करते हैं) में जनजातीय और गैर-जनजातीय दोनों परिवारों के बीच **औसत घरेलू आय सबसे अधिक** पाई गई।
  - यह राज्य के अन्य क्षेत्रों की तुलना में **1.5 गुना अधिक** था।
- आदिवासी महिलाओं को अपने गैर-आदिवासी समकक्षों की तुलना में अधिक स्वायत्तता प्राप्त है। लेकिन घरेलू कामकाज़ और आजीविका गतिविधियों का कार्यभार अधिकतर आदिवासी महिलाओं को उठाना पड़ता है।
- निर्णय लेने की प्रथाओं और प्रथागत व्यवहार में भी लैंगिक भेदभाव व्याप्त है।

भील जनजाति कौन हैं?

- भील **सबसे बड़े जनजातीय समूहों** में से एक हैं, जो **छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश** और **राजस्थान** में रहते हैं।
- यह नाम **'बिल्लू'** शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है **धनुष**।
- भील अपने स्थानीय **भौगोलिक परिवेश के गहन ज्ञान** के साथ-साथ **उत्कृष्ट धनुर्धर** माने जाते हैं।
- ये परंपरागत रूप से **गुरिल्ला युद्ध में निपुण** माने जाते रहे हैं, जिनमें से वर्तमान में अधिकांश **किसान** और **खेतिहर मज़दूर** हैं होने के साथ ही कुशल **मूर्तिकार** भी हैं।

विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTG) कौन हैं?

- **जनजातीय समूहों** में PVTG अधिक असुरक्षित हैं। इस परिस्थिति के परिणामस्वरूप विकसित और सशक्त जनजातीय समूहों को **जनजातीय विकास धन** का एक बड़ा हिस्सा प्राप्त होता है। ऐसे में, PVTG को अपने विकास के लिये अधिक धन की आवश्यकता होती है।
- **ढेबर आयोग ने वर्ष 1973** में **आदिम जनजातीय समूहों** (**PTG**) की एक अलग श्रेणी बनाई जो आदिवासी समूहों में कम विकसित थे। वर्ष **2006** में भारत सरकार ने **PTG का नाम बदलकर PVTG** कर दिया।
- इस संदर्भ में वर्ष **1975** में भारत सरकार ने सबसे कमज़ोर जनजातीय समूहों को PVTGs नामक एक अलग श्रेणी के रूप में पहचानने की पहल की

थी। प्रारंभ में **52** जनजातीय समूहों को **PVTG** के रूप में वर्गीकृत किया गया, जबकि **वर्ष 1993** में इस श्रेणी में **23 अतिरिक्त जनजातीय समूहों** को शामिल किया गया, जिससे **705 जनजातीय समूहों** के तहत वर्तमान में PVTG की संख्या **75** हो चुकी है।

- **75 सूचीबद्ध PVTG's** में से सबसे अधिक संख्या **ओडिशा** में पाई जाती है।



//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????

प्रश्न. भारत में विशिष्टः असुरक्षित जनजातीय समूहों (PVTGs) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: (2019)

1. PVTG देश के 18 राज्यों तथा एक संघ राज्यक्षेत्र में निवास करते हैं।
2. स्थिर या कम होती जनसंख्या PVTG स्थिति निर्धारण के मानदंडों में से एक है।
3. देश में अब तक 95 PVTG आधिकारिक रूप से अधिसूचित हैं।

4. PVTGs की सूची में ईरूलर और कोंडा रेड्डी जनजातियाँ शामिल की गई हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4
(d) 1, 3 और 4

उत्तर: C

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/status-of-adivasi-livelihoods-sal-report,-2022